अत्यावश्यक
ई–मेल / फैक्स

पत्रांक–9प० / वि०–01–682 / 2024 / ....1922.... / पं०रा0

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**कृष्ण कुमार यादव,**
विशेष कार्य पदाधिकारी

सेवा में,

**संयुक्त सचिव,**
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक:..27../..2../2024

विषयः– **प्रो० गुलाम गौस, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद् सचिवालय द्वारा पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–1 / 206 / 105 ऑनलाईन का हस्तानांतरण करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक पत्र के आलोक में बिहार विधान सभा से प्राप्त प्रो० गुलाम गौस, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद् सचिवालय द्वारा पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न संख्या–1 / 206 / 105 ऑनलाईन विभाग को प्राप्त है।

अंकित तारांकित प्रश्न का विषय **"रोहतास जिला के सासाराम के नगर निगम के क्षेत्र वार्ड सं–29 शांति नगर में सैलानीपीर कब्रिस्तान से भारती गंज श्मशान तक लगभग एक किलोमीटर तक सड़क निर्माण कराने से संबंधित है।"** उपर्युक्त वर्णित कार्य पंचायती राज विभाग द्वारा सम्पादन नहीं किया जाता है। यह विषय नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से संबंधित है।

अतएव तारांकित प्रश्न संख्या–1 / 206 / 105 की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि वर्णित तारांकित प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन बिहार विधान परिषद् सचिवालय को ससमय भेजने की कृपा की जाय।

इसकी सूचना बिहार विधान परिषद् सचिवालय को भी दी जा रही है।

प्रारूप व प्रतिवेदन पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**अनु0– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

27/2/24

**(कृष्ण कुमार यादव)**
विशेष कार्य पदाधिकारी

**ज्ञापांक–9प / वि०–01–682 / 2024 / ....1922.... / पं०रा0 पटना, दिनांक..27../..2../2024**

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के तारांकित प्रश्न संख्या–1 / 206 / 105 ऑनलाईन के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

27/2/24

**(कृष्ण कुमार यादव)**
विशेष कार्य पदाधिकारी